शनिवार

12 नवम्बर 2022

डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज




सभी देवताओं की जन्मभूमि है बक्सर : स्वामी जी 5


प्रमुख खबरें : पटना ■ भोजपुर ■ बक्सर ■ रोहतास ■ पूर्वांचल ■ विविध ■ खेल ■ आर्थिक


## संत समागम में मिटी दूरियां... पंगत में अश्विनी चौबे ने चावल तो मुन्ना तिवारी ने परोसी दाल







माता अहिल्याधाम अहिरौली बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम में भक्ति की बयार बह रही है। ऐसा लग रहा मानों यहां आनेवाले हर आम व खास ने प्रभु श्रीराम के श्रीचरणों में खुद को समर्पित कर दिया हो। द्वेष, घृणा और मतभेद को मिटाकर लोग अपनापन के साथ एक-दूसरे से मिल रहे हैं। समागम के दौरान ही राजनीतिक रूप से एक-दूसरे के घोर विरोधी केंद्रीय मंत्री व बक्सर के अश्विनी चौबे और बक्सर के विधायक मुन्ना तिवारी का एक अलग ही रूप नजर आया। समागम स्थल पर चल रहे पंगत के दौरान अश्विनी चौबे जहां लोगों को चावल परोसते नजर आए, वहीं मुन्ना तिवारी ने इस दौरान दाल परोस रहे थे। राजनीतिक रूप से भले वे एक-दूसरे के विरोधी हों लेकिन समागम के बहाने दोनों निश्छल भाव से आगंतुकों के आदर सत्कार में जुटे हैं। २

## छोटी खबरें

### प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के संबंध में हलफनामा दायर करने का आदेश

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने राज्य में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य के स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव को हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है। चीफ जस्टिस संजय करोल व जस्टिस पार्थ सारथी की खंडपीठ ने अधिवक्ता मयूरी द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऑनलाइन सुनवाई करते हुए ये आदेश को पारित किया। कोर्ट ने राज्य में स्टेट ड्रग कंट्रोलर की स्थाई नियुक्ति के लिए उठाए गए कदम के संबंध में प्रधान सचिव को सूचित करने को कहा है। चूंकि वर्तमान ड्रग कंट्रोलर करीब विगत 5 वर्षों से अस्थाई रूप से कार्यरत हैं। स्टेट ड्रग कंट्रोलर ने कथित रूप से कुछ प्रतिबंधित दवाएं बनाये जाने के लिए लाइसेंस की मंजूरी दी थी। इन दवाओं को भारत सरकार ने एक गजट अधिसूचना से वर्ष 2011 में ही प्रतिबंधित कर दिया था। याचिकाकर्ता का कहना है कि स्टेट ड्रग कंट्रोलर की लापरवाही की वजह से कुछ दवाओं पर पूरे भारत में प्रतिबंध लगा दिए जाने के बावजूद इन दवाओं को बिहार राज्य में बनाया और बेचा जा रहा था।

### झारखंड में 60 फीसदी से बढ़कर 77 फीसदी हुआ आरक्षण

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में आरक्षण की ऊपरी सीमा को 60 फीसदी से बढ़ाकर 77 फीसदी करने का एक विधेयक आज विधानसभा से पारित करा लिया। झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र में शुक्रवार को पदों और सेवाओं की रिक्तियों में आरक्षण अधिनियम, 2001 में एक संशोधन पारित करके एससी, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और आर्थिक रूप से कमजोर तबके (ईडब्लयूएस) के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण 60 प्रतिशत से बढ़ा कर 77 फीसदी कर दिया गया है।

### राजीव गांधी की हत्या के सभी आरोपियों को रिहा करने का आदेश

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे नलिनी और आरपी रविचंद्रन सहित छह आरोपियों को रिहा करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने फैसले में कहा कि दोषियों के जेल में अच्छे आचरण के कारण रिहाई का आदेश दिया जा रहा है। इससे पहले मई में सुप्रीम अदालत ने मौत की सजा पाने वाले दोषी पेरारिवलन को भी रिहा करने के आदेश दिये थे। शुक्रवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या करने के सभी 6 दोषियों को रिहा करने के आदेश दिये।

**बिहार में बदलाव: मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती पर बच्चों को मिला तोहफा**

## सीएम नीतीश का ऐलान... अब शनिवार को स्कूलों में नो बैग डे

- सीएम ने शिक्षकों को चेताया, बच्चों को पढ़ाएं नहीं तो स्कूलों से निकाल देंगे
- बजट का 21% तक पढ़ाई पर हो रहा खर्च, इसे बढ़ाकर 25 % किया जाएगा

**केटी न्यूज/पटना**

देश के पहले शिक्षामंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित शिक्षा दिवस समारोह में शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिरकत की। पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित शिक्षा दिवस समारोह नीतीश कुमार ने घोषणा की कि अब सरकारी स्कूलों में हफ्ते में पांच ही दिन पढ़ाई होगी। सोमवार से शुक्रवार तक बच्चों को बैग लेकर जाना होगा. वहीं शनिवार को बच?चे बिना किताबों के आएंगे। यानी सप्ताह में अब एक दिन नो बैग डे होगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने को चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग बच्चों को नहीं पढाएंगे उन्हें निकाल दिया जायेगा। हमें वैसे शिक्षकों की कोई जरूरत नहीं, जो शिक्षक पढ़ाएंगे उनका तनख्वाह भी बढ़ाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने कह दिया है कि और शिक्षकों की नियुक्ति करें। इस मौके पर मुख्यमंत्री द्वारा बच्चों को पोशाक एवं किताब के लिए भेजी जाने वाली राशि उनके अकाउंट में भेजी गई। साथ ही 'बेस्ट प्लस ऐप' का भी शुभारंभ किया। बताया गया कि इस वर्ष किसी को शिक्षा विभाग की ओर से मौलाना अबुल कलाम शिक्षा पुरस्कार नहीं दिया जाएगा। शिक्षा विभाग ने इसके लिए आवेदन मांगा था, लेकिन एक भी आवेदन मानकों पर खरा नहीं पाया गया। शिक्षा दिवस पर श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित मौलाना अबुल कलाम से जुड़ी किताबों के विभिन्न स्टॉलों का नीतीश कुमार ने निरीक्षण भी किया।



**हमारा लक्ष्य है कि राज्य के सभी बच्चे स्कूल पढ़ने आएं:** मुझे प्रसन्नता हो रही है कि आज यहां इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लड़कियां मौजूद हैं। पोशाक योजना, साईकिल योजना की शुरूआत कर लड़कियों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। बड़ी संख्या में लड़कियां स्कूल जाने लगीं और आज लड़कों के बराबर लड़कियां मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो रही हैं। सरकार में आने के बाद जब हमने अध्ययन कराया तो पता चला कि साढ़े 12 प्रतिशत बच्चे और बच्चियां स्कूल नहीं जाते हैं। मुस्लिम समुदाय और महादलित समुदाय के बच्चे इसमें सबसे ज्यादा थे, उसके बाद इनके लिए पढ़ने का इंतजाम हमलोगों ने कराया। अब 0.5 प्रतिशत से भी कम बच्चे-बच्चियां स्कूल से बाहर हैं लेकिन हमारा लक्ष्य है कि सभी पढ़ें।

**लड़कियां पढ़ेंगी तो राज्य के प्रजनन दर में आएगी कमी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सर्वे से जानकारी मिली कि पति-पत्नी में अगर पत्नी मैट्रिक पास है तो देश का प्रजनन दर 2 और बिहार का प्रजनन दर भी 2 है लेकिन पति-पत्नी में अगर पत्नी इंटर पास है तो देश का प्रजनन दर 1.7 और बिहार का 1.6 है। वर्ष 2011-12 में बिहार का प्रजनन दर 4.3 था जो घटकर आज 2.9 पर आ गया है। लड़कियां पढ़ेंगी तो राज्य का प्रजनन दर 2.9 से घटकर 2 पर आ जायेगा। लड़कियों को शिक्षित करने के लिये कई इंतजाम किये गये हैं। मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अन्तर्गत जन्म से स्नातक तक हर लड़की को पढ़ने के लिये 54 हजार 100 रुपये दिया जाता था लेकिन उसको बढ़ाकर 94 हजार 100 रुपए कर दिया गया है। अभी सबसे अधिक खर्च शिक्षा पर किया जा रहा है। बजट का 21 प्रतिशत तक पढ़ाई पर खर्च हो रहा है। हमलोग 25 प्रतिशत तक शिक्षा पर खर्च करेंगे।

**अबुल कलाम और गांधीजी हिन्दु-मुस्लिम एकता के लिए करते रहे काम:** मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के दौरान स्व. मौलाना अबुल कलाम आजाद की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण थी। समाज में आपसी एकता को बनाए रखने में उनका योगदान था। वे हिंदुस्तान और पाकिस्तान बंटवारा के खिलाफ थे। उस समय जो माहौल पैदा हो रहा था उसमें वे हिंदू-मुस्लिम एकता के लिए काम करते रहे। गांधी जी भी हिन्दु-मुस्लिम एकता के लिये काम कर रहे थे लेकिन उनकी हत्या कर दी गई।

## जीवन से खिलवाड़... मिड डे मील में मिली छिपकली, खाना खाकर 200 बच्चे बीमार

### भागलपुर के नवगछिया स्थित महदतपुर मध्य विद्यालय की घटना

- किसी बच्चे को उल्टी तो किसी को चक्कर आने के बाद अस्पताल में किया गया भर्ती
- बच्चे बोले- प्राचार्य से शिकायत करने पर उन्होंने कहा- छिपकली नहीं बैगन का डंठल है

**केटी न्यूज/भागलपुर**

भागलपुर के नवगछिया प्रखंड के महदतपुर गांव में गुरुवार को स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद करीब 200 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। आनन-फानन में उन्हें नवगछिया अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार 30 बच्चों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। खाना खाने के बाद बच्चों की बिगड़ती तबीयत को देख स्कूल में अफरातफरी मच गई। मामला गुरुवार का है। स्कूल में मिड डे मील में तालिका के अनुसार चावल, दाल और सब्जी बच्चों को खिलाया गया। कुछ बच्चे स्कूल में ही छुट्टी होने के बाद चार बजे कोचिंग पढ़ने लगे थे। बाकी बच्चे भी अभी स्कूल में ही थे। इसी के बाद धीरे-धीरे किसी किसी बच्चे को उल्टी होने लगी तो किसी को चक्कर आने लगा आनन-फानन में प्रशासन को जानकारी दी गई और बच्चों को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया। बच्चों ने बताया कि आठवीं कक्षा के छात्र आयुष कुमार की थाली में छिपकली मिली थी। इसकी शिकायत प्रधानाचार्य चितरंजन प्रसाद सिंह से की गई तो उन्होंने कहा कि बैंगन की डंडी है चुपचाप खा लो। बच्चों ने ये भी कहा कि जब कुछ बच्चों ने खाना खाने से इनकार किया तो प्रधानाचार्य चितरंजन प्रसाद सिंह ने जबरदस्ती खाना खिलाया। इस मामले में स्कूल के प्रिंसिपल को निलंबित कर दिया गया है, जबकि स्कूल प्रबंधन समिति को स्कूल के सभी छह रसोइयों को बर्खास्त करने के लिए कहा गया है।

### अब गांव में भी मकान बनाने से पहले पास कराना होगा नक्शा

**पटना।** शहरों की तरह अब ग्रामीण इलाकों में भी मकान बनाने से पहले नक्शा पास कराना होगा। इसके लिए बिहार की नीतीश सरकार कानून बदलने पर विचार कर रही है। इसके तहत एक खास सीमा से अधिक ऊंचे भवनों के लिए नक्शा पास कराना अनिवार्य किया जाएगा। हालांकि तय सीमा से कम ऊंचे भवनों के लिए यह जरूरी नहीं होगा। इसके लिए पंचायती राज कानून, 2006 में संशोधन किया जाएगा। अभी राज्य के ग्रामीण इलाकों में मकान बनाने पर नक्शा पास कराने का कोई प्रावधान नहीं है। मगर गांवों में भी अब ऊंचे-ऊंचे मकान बनने लगे हैं, इसलिए यह प्रावधान किया जा रहा है।

### ज्ञानवापी में शिवलिंग का जारी रहेगा संरक्षण : सुप्रीम कोर्ट

**एजेंसी नई दिल्ली**

वाराणसी के ज्ञानवापी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए अगले आदेश तक वजूखाने का संरक्षण जारी रखने का आदेश दिया है, जहां से 'शिवलिंग' मिला था। इससे पहले अदालत ने 12 नवंबर तक संरक्षण का आदेश दिया था, जिसकी तारीख शनिवार को खत्म हो रही थी। ऐसे में अदालत ने शुक्रवार को सुनवाई करते हुए इसे बढ़ाने का आदेश दे दिया है। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय बेंच से अपील की थी कि इस संरक्षण को जारी रखा जाए। इस पर अदालत ने सुनवाई करते हुए 17 मई के अपने आदेश को जारी रखा। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 17 मई को आदेश दिया था कि ज्ञानवापी के अंदर जिस वजूखाने से शिवलिंग मिला था, उसे संरक्षित रखा जाए। फिलहाल वहां केंद्रीय बलों की तैनाती है और उसका संरक्षण किया जा रहा है ताकि उसके स्वरूप से कोई छेड़छाड़ न हो सके और यथास्थिति बनी रहे। हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया, 'सुप्रीम कोर्ट ने शिवलिंग मिलने वाली जगह को सील रखे जाने के फैसले को अगले आदेश तक के लिए बढ़ा दिया है। अदालत ने मुस्लिम पक्ष की ओर से दायर अर्जी पर जवाब देने के लिए हमें तीन सप्ताह का वक्त दिया है।'

**तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए प्रधानमंत्री**

## महात्मा गांधी के विचारों में आज की कई चुनौतियों के जवाब हैं : नरेंद्र मोदी

**एजेंसी/चेन्नई**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को तमिलनाडु के डिंडीगुल स्थित गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान के 36वें दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। यहां उन्होंने संगीत उस्ताद इलियाराजा को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की। इस दौरान उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के विचारों में आज की कई चुनौतियों के जवाब हैं। उन्होंने कहा कि गांधीग्राम का उद्घाटन स्वयं महात्मा गांधी ने किया था। ग्रामीण विकास के उनके विचारों की भावना को यहां देखा जा सकता है। साथ ही बताया कि गांधीवादी मूल्य तेजी से प्रासंगिक होते जा रहे हैं, चाहे वह युद्ध को समाप्त करने के बारे में हो या जलवायु संकट के बारे में, महात्मा गांधी के विचारों में आज की कई चुनौतियों के जवाब हैं।



**आत्मनिर्भर भारत की दिशा में कर रहे काम:** पीएमे नरेंद्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी से प्रेरित होकर हम आत्मानिर्भर भारत की दिशा में काम कर रहे हैं। महात्मा गांधी चाहते थे कि गांवों का विकास हो। साथ ही वे चाहते थे कि ग्रामीण जीवन के मूल्यों का संरक्षण किया जाए। लंबे समय तक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच असमानता बनी रही, लेकिन आज देश इसे सुधार रहा है। इसके अलावा पीएम मोदी ने बताया कि खादी महात्मा गांधी के दिल के बहुत करीब रही और आज यह काफी लोकप्रिय हो गया है। पिछले 8 सालों में खादी की बिक्री में 300 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

### बेंगलुरु में प्रधानमंत्री ने भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन को झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार की सुबह कर्नाटक पहुंचे। यहां उन्होंने बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के टर्मिनल-2 का उद्घाटन किया, जिसका निर्माण लगभग 5,000 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इसके उद्घाटन से हवाई अड्डा पर यात्रियों की क्षमता बढ़कर सालाना करीब पांच-छह करोड़ होने की उम्मीद है। अभी यह सलाना 2.5 करोड़ है। इस अवसर पीएम मोदी ने कहा कि आज पूरी दुनिया हैरान होती है कि भारत के भीम यूपीआई के बारे में सोचती है। इन सब में बेंगलुरु के युवाओं की बड़ी भूमिका है। हर सेक्टर का विकास कर्नाटक में हो रहा है. पीएम मोदी ने कहा कि, जिस तरीके से देश आगे बढ़ रहा है, उसी तरफ एयरपोर्ट पर लोगों की संख्या बढ़ रही है। 2014 के आसपास 70 एयरपोर्ट थे, अब उनकी संख्या 140 से ज्यादा हो गई है, अब नौजवानों के लिए नए अवसर खुल रहे है। इस मौके पर उन्होंने दक्षिण भारत की पहली और भारत की पांचवीं वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ किया।



इसके साथ ही काशी, अयोध्या और प्रयागराज के लिए कर्नाटक से 'भारत गौरव काशी यात्रा ट्रेन' को झंडी दिखाकर रवाना किया है। यह धार्मिक यात्रा ट्रेन है, जो इन शहरों में रुककर यात्रियों को धार्मिक स्थलों से रूबरू कराएगी। उन्होंने कहा कि आने वाले 8-10 सालों में भारतीय रेल का कायाकल्प होने जा रहा है, 400 से ज्यादा नई वंदे भारत ट्रेन भारत की पहचान बनने वाली हैं।

## एक नजर

### प्रखंड नाजिर का भतीजा देशी कट्टा के साथ गिरफ्तार

**जहानाबाद।** जिले के मखदूमपुर थाने की पुलिस ने देसी कट्टा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक मखदुमपुर प्रखंड में कार्यरत नाजिर प्रभु प्रसाद का भतीजा सुजीत कुमार बताया जा रहा है। जो नालंदा जिला के बेन गांव का रहने वाला है और पिछले 15 वर्षों से वह मखदुमपुर में अपने फूफा मखदुमपुर प्रखंड नजीर प्रभु प्रसाद के साथ मखदुमपुर में ही रह रहा था। थानाध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि मखदुमपुर थाने की पुलिस प्रखंड मुख्यालय के समीप से गस्ती कर आ रही थी। इसी दौरान विपरीत दिशा से मोटरसाइकिल पर सवार होकर युवक सुजीत कुमार जा रहा था। पुलिस ने जब हाथ देकर गाड़ी रोकने को कहां तो युवक भागने की कोशिश किया। पुलिस को शक होने पर युवक को पकड़कर तलाशी लिया। जिसके कमर से देसी कट्टा बरामद हुआ है। पुलिस ने युवक का मेडिकल जांच करा कर उसे जेल भेज दिया गया।

### गुलाब शंकर बने दस्तावेज नबीस संघ के अध्यक्ष

**डुमरांव।** अवर निबंधन कार्यालय डुमरांव से जुड़े दस्तावेज नबीस संघ का चुनाव शुक्रवार को किया गया। जिसमें गुलाब शंकर यादव को अध्यक्ष व विद्यासाआय व्यय निरीक्षण त्रिभुवन लाल को चुना गया है। मौके पर संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष रामाकांत भारती, महामंत्री त्रिवेणी लाल, अवधेश गोसाई, तारकेश्वर यादव, अशोक सिंह, कमलेश श्रीवास्तव सहित कई अन्य दस्तावेज नबीस उपस्थित थे। गर यादव को सचिव चुना गया।

### भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब समेत दो धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा।** जिले की बिहिया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरूवार की देर शाम थाना क्षेत्र के झौवां स्टैण्ड के समीप से कार पर लदे भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब समेत दो धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गये धंधेबाजों में झौवां गांव निवासी रामबिहारी सिंह का पुत्र विकास सिंह एवं यूपी के हरदोई जिला अंतर्गत तिहारी थाना क्षेत्र के दिलदारपुर गांव निवासी कृष्णा सिंह के पुत्र जितेन्द्र कुमार सिंह शामिल है। जानकारी के अनुसार थानाध्यक्ष उदय भानू सिंह को सूचना मिली कि यूपी से भारी मात्रा में शराब लेकर धंधेबाज बिहार में पहुंचे हुए हैं।

# रोहतास जिले में 27 लोगों को डेंगू ने मारा था डंक, इलाज के बाद सभी हो गए स्वस्थ

- जिले में डेंगू से एक भी मरीज की मृत्यु नहीं

**केटी न्यूज/सासाराम**



अगस्त- सितम्बर महीने में जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी होते ही डेंगू ने पाँव पसारना शुरू कर दिया। वहीं जिला स्वास्थ्य समिति और लोगों द्वारा बरती गई सावधानी ने डेंगू बीमारी के प्रसार को रोकने में अहम भूमिका निभाई। राज्य में डेंगू के बढ़ते मरीज को देखते हुए राज्य स्वास्थ्य समिति ने पहले ही सभी जिलों को दिशा निर्देश दे दिया था। जिस पर अमल करते हुए रोहतास जिला स्वास्थ्य समिति ने सावधानियां बरतनी शुरू कर दी और इससे बचाव के लिए विशेष कदम उठाए गए। इससे बचने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भी जागरूक किया जाने लगा। वहीं राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्देश पर सभी सरकारी अस्पतालों में डेंगू जांच की रफ्तार बढ़ा दी गई है । साथ ही साथ सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी अनुमंडलीय अस्पताल में स्पेशल डेंगू वार्ड भी बनाया गया है। हालांकि पिछले 15 दिनों में डेंगू के मामलों में काफी कमी आई है। इधर लोगों में बीमारियों के प्रति आई जागरूकता की वजह से भी डेंगू का असर कम देखने को मिला।

सासाराम के कंपनी सराय निवासी मेडिकल स्टोर संचालक राजेन्द्र जायसवाल ने कहा कि कोरोना काल ने लोगों की जीवन शैली में काफी बदलाव लाया है। लोग अब खुद

### जिले में मिलें अब तक 27 डेंगू के कन्फर्म मरीज

जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार 7 नवंबर तक 27 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई है। वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी जेपी गौतम ने बताया कि एनएस 1 एवं आईजीएम कीट में डेंगू पॉजिटिव पाए जाने पर उस व्यक्ति को सस्पेक्टेड की श्रेणी में रखा गया है। वैसे लोगों का सैम्पल एलिसा जांच के लिए गया भेजा जा रहा है क्यों कि एलिसा जांच में डेंगू पॉजिटिव आने पर उसे डेंगू पीड़ित माना जा रहा है। श्री गौतम ने बताया कि जिले के सरकारी अस्पतालों में 250 के आसपास डेंगू जांच किया गया जिमसें 45 लोग डेंगू से सस्पेक्टेड पाए गए थे जिनका एलिसा जांच के लिए सैम्पल गया भेजा गया था जिसे 27 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई थी। उन्होंने बताया कि पिछले 4 दिनों में 2 से 3 डेंगू के संदिग्ध मामले आये है जिनका सैम्पल जांच के लिए गया भेज दिया गया है।

### इजाल के बाद सभी हुए स्वस्थ

जिला स्वास्थ्य समिति से मिली जानकारी के अनुसार सदर अस्पताल में हुए जांच के दौरान कुल 27 लोगों में डेंगू होने की पुष्टि हुई है। सभी डेंगू मरीज को मिले बेहतर इलाज की वजह से स्वास्थ्य हो चुके है। वर्तमान में एक भी मरीज सदर अस्पताल में इलाजरत नही है। वही सदर अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार डेंगू की वजह से कोई मृत्यु नही हुई और ना ही आपातकालीन जैसी स्थिति उत्पन्न हुई।

### डेंगू का लक्षण दिखने पर करवाएं जांच

रोहतास सिविल सर्जन डॉ के एन तिवारी ने कहा कि डेंगू से बचाव के लिए जिला स्वास्थ समिति लगातार कार्य कर रही है। सभी सरकारी अस्पतालों में जॉच कीट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि तेज बुखार, ठंढ लगना, शरीर मे तेज दर्द, जोड़ों में दर्द आंख में दर्द, थकान, वोमेटिंग जैसा मन आदि लक्षण दिखे तो डेंगू जांच जरूर करवाएं। साथ ही रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें।

## दो बाइक से आए चार बदमाशों ने ठेकेदार को सिर से कमर तक मारी गोली, घटना के बाद के इलाके में दहशत

# दुस्साहस : पूर्व पार्षद के बेटे को बेखौफ अपराधियों ने दिनदहाड़े गोलियों से भूना

- मौके से पुलिस को मिले छह खोखे, शव से भी दो पिलेट बरामद
- घटना का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं, मामले की छानबीन में जुटी पुलिस
- बदमाशों की पहचान और धरपकड़ को सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**केटी न्यूज/आरा**

जिला मुख्यालय में अपराधियों का तांडव और खूनी खेल जारी है।? बेखौफ अपराधियों द्वारा फिर एक हत्या कर दी गयी। शुक्रवार को दिनदहाड़े एक पूर्व पार्षद के बेटे ठेकेदार को गोलियों से भून डाला गया। बाइक सवार बदमाशों द्वारा आरा के पूर्व पार्षद पुत्र को नजदीक से सात गोलियां दाग दी गयी। उससे ठेकेदार की मौके पर ही मौत हो गयी।

हत्या की यह घटना सुबह करीब पौने ग्यारह बजे आरा-पटना हाईवे पर नगर थाना क्षेत्र के धनुपरा की है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से भाग निकले। मृतक नवादा थाना क्षेत्र के कनकपुरी मोहल्ला (जैन कॉलेज के समीप) निवासी महेंद्र प्रताप सिंह के 42 वर्षीय पुत्र शशिकांत सिंह उर्फ शशि कुमार सिंह उर्फ विक्की थे। उनकी गीधा में गोदाम है, जबकि उनके पिता पूर्व में आरा नगर निगम के वार्ड पार्षद रह चुके हैं। इनका परिवार मूल रूप से आयर थाना क्षेत्र के बलिगांव गांव का रहने वाला है।

घटनास्थल से शशिकांत सिंह की बुलेट बाइक, घड़ी और छह खोखे बरामद किये गये हैं। शव से भी दो पिलेट मिला है। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना मिलते एसपी संजय कुमार सिंह, एएसपी हिमांशु, ट्रेनी अनुराग कुमार और नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह सहित अन्य अफसर मौके पर पहुंच गये। अफसरों द्वारा अपने स्तर से घटना की छानबीन की गयी। अधिकारी अस्पताल भी गये और परिजनों से जानकारी ली। उसके बाद शव? का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस द्वारा घटना की छानबीन और अपराधियों की धरपकड़ शुरू कर दी गयी है। बदमाशों के भागने में पीछा भी किया जा रहा है। हालांकि पकड़ में नहीं आ सके। वहीं अपराधियों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।



वारदात के बाद सड़क पर गिरी बाइक व इनसेट में मृतक की फाइल फोटो

### बदमाशों ने ताबड़तोड़ बरसा दी गोलियां

बताया जाता रहा है कि पूर्व वार्ड पार्षद पुत्र शशिकांत सिंह का कोईलवर के गीधा में गोदाम है। वह शुक्रवार की सुबह अपने उसी गोदाम पर गये थे। करीब पौने ग्यारह बजे वह बुलेट बाइक से लौट रहे थे। तभी आरा-पटना हाईवे पर धनुपरा स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप और एक हॉस्पिटल के पास बाइक सवार बदमाशों द्वारा उन पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी गयी। कहा जा रहा है कि बदमाशों द्वारा पहले उनके साथ बकझक किया गया। उसके बाद फायरिंग कर मौत के घाट उतार दिया गया। एसपी की ओर से भी बकझक के बाद गोली मारे जाने की आशंका जताई गयी है। बदमाशों द्वारा पूर्व पार्षद पुत्र के सिर से कमर तक गोलियां दाग गयी है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस

### मौके पर ही गई जान

पुलिस के अनुसार गोली उनके सिर के पिछले हिस्से, कनपटी, गर्दन, पंजरी, कमर और हाथ में केहुनी के पास लगी है। उससे उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही मुख्यालय डीएसपी विनोद कुमार, डीआईयू इंचार्ज शंभू कुमार भगत और गीधा ओपी इंचार्ज पूनम कुमारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गये। छानबीन के दौरान पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने छह खोखे बरामद किया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान भी शव से दो पिलेट मिला है।

### हत्या का कारण स्पष्ट नहीं

घटना में बाइक पर सवार तीन-चार अपराधियों के शामिल होने की बात सामने आ रही है। सभी की पहचान और धरपकड़ को लेकर टीम बना छापेमारी की जा रही है। हत्या का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। छानबीन की जा रही है। मृत युवक के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी ली जा रही है। - संजय कुमार सिंह, एसपी, भोजपुर

## पुख्ता व्यवस्था के लिए एसपी के साथ केंद्रीय मंत्री ने की बैठक



- सनातन समागम स्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्थानीय सांसद केंद्रीय मंत्री सह सनातन संस्कृति समागम के संयोजक अश्विनी चौबे ने समागम स्थल पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के लिए एसपी के साथ बैठक की। सुरक्षा को लेकर 600 पुलिस बल तैनात किया जाएगा। हर स्थान पर पुख्ता इंतजाम किया जाएगा।

शरारती तत्वों पर नजर रखने के लिए सादे कपड़े में पुलिस वाले करेंगे भ्रमण समागम स्थल पर भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे ध्यान में रखते हुए बड़ी संख्या में सादे कपड़ों में भी पुलिसवाले तैनात रहेंगे और शरारती तत्वों पर नजर रखने का निर्देशित किया गया है। साथ ही समागम स्थल के चारों तरफ पेट्रोलिंग एवं सभी सेक्टरों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात होगा।

**कई प्रदेश के राज्यपाल एवं सहित केंद्रीय मंत्रियों के आने की संभावना :** सनातन संस्कृति समागम में आने वाले दिनों में कई प्रदेश के राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री सहित केंद्रीय मंत्रियों का आने का कार्यक्रम है। इसके मद्देनजर भी सुरक्षा की समीक्षा की गई। बैठक में एसपी, एडीएम, डीएसपी व अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

## छोटी खबरें

### मामूली विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर हुई रोड़ेबाजी, मामले में 9 गिरफ्तार



**जहानाबाद।** जिले के घोसी थाना अंतर्गत पथला पोखर गांव में बीती रात दो युवकों के बीच हुए विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई। जिसमें बाजीतपुर गांव के सतीश कुमार जख्मी हो गया। जख्मी व्यक्ति का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र घोसी में कराया गया है। इस सिलसिले में दोनो पक्ष की ओर से अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें घोसी थाने की पुलिस ने दोनो पक्ष की ओर से नौ व्यक्ति को गियफ्तार कर कोविड 19 का जांच कराते हुए जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति में एक पक्ष से पथला पोखर गांव के विपिन कुमार, रंजीत कुमार, संतोष कुमार एवं मनोज कुमार तथा दूसरे पक्ष के होरिल बागीचा गांव के कंचन कुमार, राजेश कुमार, दिनेश कुमार एवं बाजीतपुर गांव के ओम प्रकाश कुमार शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि बीती रात्री दो युवकों के बीच हुए विवाद को छुड़वाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर रोड़ेबाजी हुई है, लेकिन पुलिस की तत्परता के कारण बहुत बड़ी घटना टल गई है। जमकर हुई रोड़ेबाजी में बाजीतपुर गांव के सतीश कुमार जख्मी हो गया है। साथ ही, पिन्टु गुप्ता की दुकान का काउन्टर भी क्षतिग्रस्त हो गया।

### गाय को बचाने के चक्कर में दुर्घटनाग्रस्त हुई बाइक, पिता की मौत बेटा अस्पताल में भर्ती

**आरा।** जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के इसाढ़ी स्थित आरा-मोहनियां नेशनल हाईवे पर टोल प्लाजा के पास शुक्रवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग की मौत हो गयी। हादसे में बाइक चला रहा उनके पुत्र भी गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक जगदीशपुर कोतवाली पर निवासी 70 वर्षीय पुत्र ललन प्रसाद थे। जख्मी उनका पुत्र 34 वर्षीय डाक्टर विकास कुमार हैं। वह नेत्र चिकित्सक है और जगदीशपुर में अपना क्लीनिक चलाते हैं। उन्होंने बताया कि उनके पिता को इसाढ़ी टॉल प्लाजा के पास एक व्यक्ति से मिलना था। उस कारण वह अपने पिता को बाइक से लेकर इसाढ़ी जा रहे थे।?तभी टॉल प्लाजा के पास अचानक गाय आ गयी। उससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और टकरा गयी। इससे दोनों बाइक से गिर पड़े और गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उसके बाद दोनों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डॉक्टरों ने उनके पिता को मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि बुजुर्ग के परिवार में पत्नी विमला देवी, दो पुत्र और चार पुत्री है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। पत्नी विमला देवी उ परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### पूर्व विभागाध्यक्ष के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**अरवल।** एसएस कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य एवं अर्थशास्त्र विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र कुमार के आकस्मिक निधन पर स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य कक्ष में शोक सभा का आयोजन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उनके निधन से मर्माहत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अरूण कुमार रजक, वित्तेक्षक डॉ. सुबोध कुमार झा ने शोक संवेदना व्यक्त की। पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो. उमाशंकर सिंह ने कहा कि सुरेंद्र बाबू एक सफल शिक्षक, कुशल प्रशासक एवं नेक दिल इंसान थे।

## मारपीट व हत्या की कोशिश के आरोप में तीन साल की सश्रम कारावास

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान ने मारपीट के आरोपितों को तीन साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बताया जाता है कि इस केस की सुचिका पुष्पा देवी ने कलेर थाने में शिकायत करायी थी कि 30 नवंबर 2015 को सुबह समय 06:30 बजे केस की सुचिका पानी लाने के लिए चापाकल पर गई थी। तभी सुप्रिया कुमारी उर्फ रूबी, कुमारी अनामिका उर्फ निक्की और मीना देवी ने मिलकर जान मारने के नियत से लोहे के दाब से सूचिका के सर पर मार दिया। जिससे सूचिका पुष्पा देवी का सर फट गया था। सूचिका की बेटी अर्चना कुमारी बचाने आई, तो लोहे के बाल्टी से सर पर मार गया। जिससे वह भी बुरी तरह जख्मी हो गई थी। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय जावेद अहमद खान ने सुप्रिया, अनामिका एवं मीना देवी को धारा 324 भादवि में तीन-तीन साल की सश्रम कारावास एवं दस हजार रुपए का अर्थदण्ड एवं धारा 341 भादवि में 30-30 दिन का कारावास व 500 रुपए का अर्थदंड लगाया है।

## स्कॉर्पियो ने आधा दर्जन राहगीरों को रौंदा

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के मखदुमपुर थाना अंतर्गत ब्लॉक मोड़ के समीप शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक अनियंत्रित स्कार्पियों ने आधा दर्जन लोगों को रौंदा डाला। जिसमें तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को आनन फानन में इलाज के लिए मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद स्कार्पियो चालक गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। पुलिस स्कार्पियो को जब्त कर थाने ले आयी है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मखदुमपुर के वीआईपी कॉलोनी से तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो ने एनएच 83 सड़क के किनारे पैदल चल रहे आधा दर्जन लोगों को रौंद दिया। जिससे सभी लोग घायल हो गए। घायलों में निर्मला देवी, गणेश शर्मा, छोटू कुमार, राहुल कुमार के अलावा दो अन्य लोग बताए जा रहे है। जिसमें तीन लोगों को ज्यादा चोट लगने की बात बताई जा रही है। सभी घायलों को मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। वाहन मालिक मखदुमपुर बाजार के ही निवासी हैं। पूरे मामले की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष रवि भूषण ने बताया कि घटना की सूचना पाकर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वाहन को जब्त कर लिया।

# छात्राओं ने फाइलेरिया से बचाव का दिया संदेश, चलेगा एमडीए अभियान

- फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों ने विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा जनमानस को किया जागरूक
- स्कूली बच्चों ने रैली निकाल समुदाय को दिया फाइलेरिया से मुक्ति का संदेश

**केटी न्यूज/पटना**



रैली निकालते स्कूली बच्चे

पूरे राज्य में राष्ट्रीय फाइलेरिया दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा फाइलेरिया उन्मूलन का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2030 तक फाइलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य रखा है और स्वास्थ्य विभाग इसे हासिल करने के लिए प्रयासरत है। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में सामुदायिक स्तर पर लोगों का जागरूक होना जरुरी है। इसमें फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य अहम भूमिका निभा रहे हैं। उक्त बातें मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. रवि शंकर सिंह ने फुलवारीशरीफ प्रखंड स्थित पंचायत भवन में फाइलेरिया दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कही।

**राज्य के 10 जिलों में फाइलेरिया नेटवर्क समूह के सदस्य जगा रहे जागरूकता की अलख:** जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद ने कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य के पटना, गया, नवादा, मुजफ्फरपुर, सारण, सिवान, खगड़िया, कटिहार, गोपालगंज एवं पुर्णिया में पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों ने फाइलेरिया दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों में शिरकत की और आगे बढ़कर जनमानस को आगामी एमडीए अभियान के तहत लोगों को दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ. प्रसाद ने बताया कि जिस प्रकार पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्यों ने समुदाय को फाइलेरिया उन्मूलन के लिए जागृत करने का बीड़ा उठाया है, उससे लगता है कि 2030 तक फाइलेरिया उन्मूलन के लक्ष्य को गति मिलेगी।

**नवीनतम तरीकों से फैलाई जा रही है जागरूकता:** कार्यक्रम के दौरान उच्च माध्यमिक विद्यालय, गोनपुरा के छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर समुदाय में फाइलेरिया के खतरे के बारे में बताया और उन्मूलन अभियान को सफल बनाने में दवा सेवन की महत्ता के बारे में लोगों को जागरूक किया। रैली में 125 छात्रों ने शिरकत की। फाइलेरिया पेशेंट सपोर्ट नेटवर्क के सदस्य जगदीश कुमार एवं चनेश्वर मांझी ने फाइलेरिया से जंग के अपने अनुभव को साझा किया और उपस्थित लोगों से एमडीए अभियान के दौरान दवा खाने की अपील की। वहीँ नेटवर्क के सदस्य पटेल पंडित ने स्वयंरचित गीत द्वारा फाइलेरिया के बारे में जागरूकता का संदेश दिया। सरकार एवं सहयोगी संस्थाओं द्वारा निर्मित जागरूकता लघु फिल्मों द्वारा भी उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया।

**23 जिलों में चलेगा एमडीए अभियान:** विदित हो कि राज्य के 23 जिलों में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम ( एमडीए अभियान ) को संचालित किया जाना है। ये जिले हैं बांका, बेगुसराय, भागलपुर, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, जमुई, कैमूर, कटिहार, खगड़िया, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, सहरसा, सारण, सीतामढ़ी, सिवान, सुपौल, अरवल, गया, औरंगाबाद, शिवहर एवं शेखपुरा। उक्त कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, क्षेत्रीय कार्यालय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग डॉ. रवि शंकर सिंह, जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र प्रसाद, केयर इंडिया के सदस्य, सीफार टीम के सदस्य, आलमपुर गोनपुरा पंचायत के मुखिया प्रमोद कुमार शर्मा, कई आशाकर्मी एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# शुभ लग्न: 24 नवंबर से बजेगी शहनाई, विवाह को लेकर सजने लगे बाजार

- कारोबार में बढ़ी रौनक, बैंड-बाजा, होटल-लॉज हुए हाउसफूल

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शुभ विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बेहद खास होता है। खरमास में सभी तरह के शुभ कार्यों पर पाबंदी होती है। लेकिन देवोत्थान एकादशी के बाद शुभ कार्य शुरू होते है। इस बार 24 नवंबर से वर-वधू सात फेरे लेंगे और शहनाइयां बजने लगेंगी। नवंबर और दिसंबर के 60 दिनों में केवल 15 दिन ही लग्न में शादी-विवाह के लिए शुभ मुहूर्त बताये जाते है।



शेरवानी से सजी दुकान

जबकि वर्ष 2023 के जनवरी, फरवरी माह मिलाकर मात्र 13 लग्न की गणना की गयी है।

इस तरह चार माह में 28 दिन ही वर-वधू के लिए अच्छे संयोग बताये जाते है। लग्न को लेकर शहर और ग्रामीण इलाके के मंडियों में रौनक बढ़ गयी है। वर और वधू पक्ष की ओर से तैयारियों का दौर शुरू है। होटल-लॉज और बैंड-बाजा हाउसफुल हो गए है। लग्न को देखते हुए कारोबारियों में भी बेहतर कारोबार की उम्मीदें जगी है। इसके लिए व्यवसायी अपनी दुकानों पर हर तरह के लग्नि सामानों का मेल स्टॉक कर लिए है। रेडीमेड कपड़े, जड़ी रहित साड़ियां, लहंगा-शेरवानी, उलेन कपड़े के अलावे सराफा बाजार में भी आभूषणों का हर मेल तैयार है। कम लग्न और ज्यादा मांग के कारण व्यवसायी भी उत्साहित है। मौर, सिंन्होरा, पगड़ी, वरमाला आदि बनाने वाले कारीगर दिन-रात काम करने में जुटे है।

## बुकिंग को लेकर भाग-दौड़ तेज

जनवरी, फरवरी के लग्न के लिए वर-वधू पक्ष वाले भी सामानों की बुकिंग के लिए मशक्कत कर रहे है। लग्न में काफी तेजी होने के कारण हलवाई, वाहन, पंडाल सहित अन्य की बुकिंग पहले से ही पूरी कर ली गयी है। जबकि अगले वर्ष की बुकिंग को लेकर भाग-दौड़ तेज हो गयी है। वैसे लोगों को ढूंढने से भी कई सामान नहीं मिल रहे है। हालांकि लोग निर्धारित रेट से भी अधिक राशि देने को तैयार है। बुकिंग फूल होने के कारण जिनके घर देर से शादी की तिथिया निर्धारित हुई है वे दर-दर की ठोकरें खा रहे है। कई वर पक्ष के लोग बैंड-बाजा, वाहन, हलवाई की बुकिंग के लिए पड़ोसी राज्य यूपी के बलिया, गाजीपुर और बनारस के दौड़ लगा रहे है।

## लगनी सामानों का बाजार भाव

| सामग्री | रेट |
|---|---|
| लहंगा चुनरी- | 3000 से 40 हजार तक |
| शेरवानी- | 2000 से 20 हजार तक |
| सिल्क साड़ी- | 3000 से 10 हजार तक |
| पगड़ी- | 100 से 500 रुपये तक |
| मौर- | 150 से 350 रुपये तक |
| सिंहोरा- | 125 से 400 रुपये तक |
| वरमाला- | 300 से 500 रुपये तक |
| जयमाल थाली- | 150 से 250 रुपये तक |

## दुकानदारों के चेहरे पर रौनक

मंडियों में लग्न की बिक्री की शुरूआत होते ही दुकानदारों के चेहरे पर रौनक आ गयी है।

व्यवसायी अविनाश सिंह, पिंटू जायसवाल, शिवजी खेमानी, अभिषेक केशरी, राजकुमार गुप्ता, भगवानजी वर्मा ने बताया कि 24 नवंबर से पहले मंडियों में अधिक चहल-पहल बढ़ेगी और शादी-विवाह के सामानों की बिक्री परवान चढ़ेगी।

वैवाहिक बंधन में बंधने वाले जोड़े के लिए हर तरह की शेरवानी और कढ़ाईदार रंग-बिरंगे लहंगा के अलावे कई डिजाइनों में ज्वेलरी से दुकानें सज गयी है।

## फटाफट खबरें

### दीपक जलाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**बलिया।** जिले के हल्दी थाना क्षेत्र अंतर्गत नीरुपुर गांव में बीते दिनों दीपक जलाने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर बवाल व मारपीट हुई। इसका वीडियो और शिकायती पत्र लेकर एक पक्ष की पीड़ित महिला रानी तिवारी शुक्रवार को एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। आरोप है कि बीते चार नवम्बर को दिया जलाने को लेकर हमारे पट्टीदारों ने हमें मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जबकि दीपक पीड़ित पक्ष अपने घर के बाउंड्री पर जला रही थी। नतीजतन हमारे बच्चे स्कूल तक जाने से डर रहे हैं। घटना हल्दी थाना क्षेत्र निरुपुर गांव की है। आरोप है कि थाने पर साक्ष्य के साथ शिकायत की तो पुलिस ने उल्टा हमारे और बेटी के ऊपर ही एनसीआर लगा दिया। वीडियो में दबंग पड़ोसियों की दबंगई देख एसपी ने पूरे प्रकरण की जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### चोरों की तरह घर में घुसी बिजली चेकिंग की टीम

**बलिया।** शहर से सटे सरसपाली सहदोरा गांव में बिजली चेकिंग करने पहुंचे विजिलेंस और पुलिस की टीम ने चोरों की तरह छत से घर में दाखिल होकर घर की औरतों के साथ बदसलूकी की। घर की औरतें बार-बार मिन्नते करती रही कि अभी घर पर कोई पुरुष सदस्य नहीं है। लेकिन विजिलेंस तथा पुलिस की किसी की सुनने को तैयार नहीं थी। इस बीच सूचना पाकर मौके पर पहुंचे घर के पुरुष सदस्य राजू गुप्ता ने डायल 112 को फोन मिलाया। तभी विजिलेंस के अधिकारी तथा पुलिसकर्मी भाग खड़े हुए। इस मामले में राजू गुप्ता ने शहर कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने की मांग

**डुमरांव।** नया भोजपुर स्थित खाद की दुकान पर डीएपी का स्टॉक खत्म होते ही किसानों की बेचैनी बढ़ गई है। किसानों को पिछली साल खाद की किल्लत की याद आ गई है। किसानों ने तत्काल इसकी शिकायत इफको कार्यालय पहुंच दर्ज कराई है तथा पर्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराने की मांग की है। जबकि इफको के विक्रय पदाधिकारी सत्यानंद सिंह ने किसानों को आश्वस्त किया है कि उन्हें डीएपी सहित किसी भी तरह की खाद की कमी नहीं होने दी जाएगी। एक दो दिनों स्टॉक उपलब्ध करा दिया जाएगा। गौरतलब है कि किसानों द्वारा गेहूं की बुआई की जानी है। जिसके लिए उन्हें डीएपी और यूरिया की जरूरत पड़ेगी। पिछले साल समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से किसानों को यूपी से यूरिया व डीएपी मंगवानी पड़ी थी।

### जर्जर सड़कों के मरम्मत की मांग

**सिमरी।** बरसात के दिनों में स्थानीय प्रखंड क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़के जर्जर हो गई है। जिसपर परिचालन खतरनाक हो गया है। प्रखंड क्षेत्र को अनुमंडलम मुख्यालय से जोड़ने वाली सिमरी भोजपुर पथ को छोड़ आशा पड़री नियाजीपुर पथ, सहियार डुमरी पथ, सिमरी बड़का राजपुर पथ, सिमरी नगवा पथ समेत करीब दर्जन भर सड़कें जर्जर हो गई है तथा इन पर बड़े बड़े गड्ढें उभर आए है।

**देवी व कल्लू ने प्रस्तुति दी तो करतल ध्वनियों से कलाकारों की हौसला अफजाई भी की गई**

# संत समागम में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मचा बवाल, जमकर चलीं कुर्सियां



बावाल के दौरान कुर्सी फेंकता दर्शक

- चर्चित गायिका देवी और स्थानीय गायक कल्लू के कार्यक्रम के दौरान उग्र हो गए दर्शक
- पुलिस को भांजनी पड़ी लाठी, कई दर्शकों को आई आंशिक चोटें

**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरुवार की रात सनातन संस्कृतिक समागम कार्यक्रम में जमकर बवाल हो गया। चर्चित गायिका देवी के सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान मंच पर चढ़ते ही दर्शक काफी उतावले हो गए थे तथा मंच के करीब पहुंचने लगे थे।

पुलिस तथा आयोजन समिति द्वारा जब दर्शकों को आगे बढ़ने से रोका गया तब वे उग्र हो गए तथा कुर्सिया चलाने लगे। इस दौरान वह कुछ देर के लिए अफरा तफरी जैसी स्थिति बन गई थी तथा इधर उधर भागने में लोग जख्मी भी हुए। हालांकि आयोजन समिति द्वारा आक्रोशित लोगों को शांत रहने के लिए बार बार आग्रह कर कहा जा रहा था कि आप सीसीटीवी कैमरे की नजर में है, लेकिन उनका आक्रोश कम होने का नाम नहीं ले रहा था। जानकारों का कहना है कि लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को हल्का बल भी प्रयोग करना पड़ा। बताया जाता है कि चर्चित गायिका देवी निर्धारित समय से काफी देर से पहुंची थी।

## किसी को नहीं आई है गंभीर चोटें

इधर उन्हें देखने व सुनने के लिए वहां मौजूद हजारों दर्शक उतावले हो गए थे। यही कारण है कि वे जैसे ही मंच पर चढ़ी तो उतावले दर्शक मंच के करीब पहुंचने लगे। इसी क्रम में पहले धक्का मुक्की शुरू हुई और बाद में कुर्सिया चलने लगी। करीब एक घंटे तक वहा अराजक स्थिति बनी रही। रात करीब 11 बजे माहौल शांत होने के बाद ही सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो सका। गनीमत रही कि इस बवाल में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई है। जबकि आयोजन समिति द्वारा भी इस दौरान लोगों को बक्सर की सम्मान का हवाला दे समझाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा था। जानकारों की मानें तो आयोजन समिति द्वारा दिनेश लाला यादव उर्फ निरहुआ का कार्यक्रम तय किया गया था। लेकिन वे नहीं आ सके। उनके नहीं आने से ही देवी व कल्लू को इंगेज किया गया। इन दोनों कलाकारों के चहेतों की संख्या भी काफी अधिक है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहा मौके पर पहुंचे थे।

## आयोजन पर कुछ असर नहीं पड़ा

बवाल के बाद भी देर रात तक हजारों दर्शक मौजूद रहे तथा बाद में जब देवी व कल्लू ने अपनी-अपनी प्रस्तुति दी तो इस दौरान करतल ध्वनियों से दोनों कलाकारों की हौसला अफजाई भी की गई। गौरतलब है कि राम कर्म भूमि न्यास द्वारा बक्सर के अहिल्यानगर ( अहिरौल ) में सनातन संस्कृति संत समागम तथा यज्ञ कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसी कार्यक्रम में रात में श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया था। इसी आयोजन में बवाल हो गया। बहरहला इसका आयोजन पर कुछ असर नहीं पड़ा है तथा आयोजन अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत जारी रहा।

# टला हादसा : सेंडीगेट पर डंपर का हुआ ब्रेक फेल, कार व ई-रिक्शा से टकराया

## दुर्घटना के बाद गोलंबर से ज्योति चौक तक लगा जाम

- जाम हटाने के लिए पुलिस को दो घंटे तक करनी पड़ी मशक्कत

**केटी न्यूज/बक्सर**



शुक्रवार को बक्सर सेंडिगेट के पास एक डंपर का अचानक ब्रेक फेल हो गया। जिस कारण वह बगल से गुजर रही एक कार में टक्कर मारने के बाद एक ई-रिक्शा से भी टकरा गई। घटना सुबह साढ़े नौ बजे की है। हालांकि, इस दुर्घटना में किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। लेकिन इस दौरान भयंकर जाम लग गया। जिसे हटाने में पुलिस के पसीने छूट गए थे। बताया जाता है कि सेंडिगेट के पास जिस वक्त यह दुर्घटना हुई उस वक्त वाहनों की लंबी कतार थी। संयोग से दो वाहनों से टकराने के बाद डंफर बंद हो गया। जिससे बड़ा हादसा नहीं हो सका। इधर इस घटना के बाद दोनों तरफ से वाहनों की लंबी लाइन लग गई थी। ज्योति चौक से गोलंबर तक सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लगने से भयंकर जाम लग गया था। जिसे छुड़ाने में पुलिस को करीब दो घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी। इस दौरान छोटे वाहन चालक तो दूसरे रास्ते से निकल जा रहे थे। लेकिन बड़े वाहनों को जाम से जूझना पड़ा। गौरतलब है कि जिस वक्त यह घटना हुई उस समय स्कूल कॉलेज जाने के साथ ही नौकरी पेशे वालों को भी अपने कार्यस्थल पर जाने की जल्दी थी। जबकि अहिरौली के पास आयोजित हो रहे सनातन संस्कृति समागम में भी भाग लेने के लिए विभिन्न मार्गों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु आ रहे थे। उन्हें भी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना के बाद देर क डंपर चालक व कार सवार तथा ई-रिक्शा वाले के बीच बकझक होते रही। डंपर चालक ने बताया कि अचानक उसका ब्रेक फेल हो गया था। जिस कारण यह दुर्घटना हो गई।

जबकि नगर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने बताया कि दोनों वाहनों को पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। अभी तक किसी के द्वारा इसकी शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। उन्होंने कहा कि वैसे पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

# वीर शहीदों को नमन कर नप ने स्वच्छता सर्वेक्षण का किया आगाज

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के शहीदों को नमन कर नगर पर्षद प्रशासन ने वर्ष 2022-23 की स्वच्छता सर्वेक्षण का आगाज किया। इस दौरान स्वयं सहायता समूह की महिला टीम ने शहीद स्थली की साफ-सफाई कर स्वच्छ डुमरांव-सुंदर डुमरांव का नारा दिया। नप के कार्यपालक पदाधिकारी मनोज कुमार ने इस अभियान से जुड़े महिला टीम को अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता से ही कई बीमारियों का नाश होता है। स्वच्छ वातावरण से मानव स्वस्थ रहता है और कई बीमारियों से राहत पाता है। उन्होंने कहा कि डुमरांव शहर स्वच्छता की ओर कदम बढ़ाया है। इस सर्वेक्षण में स्थानीय नगर पर्षद बेहतर पायदान पर आने के लिए स्वच्छता अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान में शहरवासियों के साथ समाजसेवी, बुद्धिजीवी और स्कूली छात्र-छात्राओं को भी जोड़ा जायेगा। अमर सेनानियों के स्थली की साफ-सफाई के साथ स्वच्छता सर्वेक्षण शुरू की गयी है, जो नगर पर्षद के विस्तारित क्षेत्रों से लेकर सभी 35 वार्डों में चलाया जायेगा। इसके पूर्व अमर शहीदों की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया और उनके सम्मान में राष्ट्रीय गान के साथ उनकी अमर गाथा को याद किया गया। इस मौके पर नप के ब्रांड एंबेसडर अनुराग मिश्र, सिटी मिशन मैनेजर कुमारी रश्मि, सीआरपी सरोज देवी, सीमा, रेखा, संगीता, यास्मीन, कौशल्या, मनीषा, दुर्गावती, कुसुम, सुशीला, अंजू सहित अन्य मौजूद थी।



अमर शहीद की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करते टीम के सदस्य

## अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा ने बैठक में घोषित की कार्यसमिति

**डुमरांव।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, डुमरांव इकाई की एक महत्वपूर्ण बैठक अंजान ब्रह्मबाबा मंदिर के पास स्थित एक सभागार में सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष अजय कुमार ने व संचालन सचिव केके गुप्ता ने किया। सभा को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ूंगा तथा भविष्य में रौनियार समाज पर आने वाले हर कठिनाइयों को साहस व हिम्मत सहते हुए महासभा को मजबूत किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष अजय कुमार ने अपने 21 सदस्यीय कार्यकरणी की घोषणा की। इस दौरान सभा स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। नई कार्यसमिति में शत्रुघ्न प्रसाद उर्फ मोहन को संजोजक, रविन्द्र प्रसाद गुप्ता उर्फ पप्पू को संरक्षक, केके गुप्ता को सचिव, मनोज गुप्ता को उप सचिव, विनय गुप्ता को कोषाध्यक्ष राकेश कुमार को संगठन मंत्री, सुरेश प्रसाद, अजय कुमार आदि को जिम्मेदारी दी गई।

# सिकरौल मध्य विद्यालय के निमार्णाधीन शौचालय की दीवार को असामाजिक तत्वों ने गिरा दिया

- प्रधानाध्यापक ने दर्ज कराई शिकायत

**केटी न्यूज/नावानगर**

सिकरौल मध्य विद्यालय के निमार्णाधीन शौचालय की दीवार को असामाजिक तत्वों ने तोड़ दिया है। घटना बीती रात की है। शुक्रवार को सुबह नौ बजे जब प्रधानाध्यापक स्कूल पहुंचे तो निमार्णाधीन शौचालय का दीवार टूटा देख स्थानीय थाने को इसकी सूचना दिए। प्रधानाध्यापक महेंद्र सिंह ने सिकरौल थाने में इसकी लिखित शिकायत भी देने की बात कही है।

उन्होंने बताया कि विद्यालय में पहले से शौचालय था, लेकिन वह क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद पंचायत के मुखिया की पहल पर विद्यालय में पुनः शौचालय निर्माण के लिए मंगलवार से ही ईंट जोड़ने का कार्य चल रहा था। उन्होंने बताया कि सात फीट ऊंची दीवार खड़ी हो गई थी। पर गुरुवार की रात असामाजिक तत्वों ने दीवार को तोड़ क्षतिग्रस्त कर दिया है। इसकी जानकारी उन्हें शुक्रवार को विद्यालय पहुंचने के बाद हुई। इधर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय में 15 वें वित्त से शौचालय निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिसे अज्ञात लोगों द्वारा तोड़ दिया गया है। इस संबंध में सिकरौल थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया कि विद्यालय में दीवार तोड़ने की अभी तक उन्हें शिकायत नहीं मिली है।



असमाजिक तत्वों द्वारा तोड़ी गई दीवार

# बच्चों व किशोरों में कृमि संक्रमण उनके मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधक

- मॉपअप राउंड के तहत छूटे हुए बच्चों को खिलाई गई अल्बेंडाजोल की दवा
- आंगनबाड़ी केंद्रों व स्कूलों में चलाया गया विशेष अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत शुक्रवार को जिले में संचालित अभियान में छूटे हुए बच्चों को मॉप अप राउंड के तहत अल्बेंडाजोल की दवा खिलाई गई।

ताकि, एक से 19 साल तक के सभी बच्चे अल्बेंडाजोल की दवा का लाभ ले सकें। वहीं, विभाग के निदेर्शानुसार अल्बेंडाजोल दवा का सेवन शिक्षक तथा आंगनबाड़ी सेविका के साथ आशा कार्यकताओं की मौजूदगी में कराया गया। अभियान के दौरान न केवल कोविड के सामान्य नियमों का पालन किया गया, बल्कि बच्चों को निर्धारित डोज के अनुसार दवा दी गई। जिसमें एक से दो वर्ष के बच्चों के अल्बेंडाजोल 400 एमजी टैबलेट को आधा कर उसका चूर्ण पानी के साथ खिलाया गया। वहीं, दो से तीन वर्ष के बच्चों को अल्बेंडाजोल 400 एमजी का एक टैबलेट चूर्ण कर पानी के साथ तथा तीन से 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों और किशोरों को एक पूरा टैबलेट चबाकर खिलाया गया।



सदर पीएचसी में कृमि की दवा खाती बच्चियां

## विकास में अवरोधक का काम करता है कृमि

सदर प्रखंड के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने बताया, बच्चों में कृमि संक्रमण उनके मानसिक व शारीरिक विकास में अवरोधक का काम करता है। कृमि आंतों की दीवारों को नुकसान पहुंचाते हैं। इनके कारण आंत में पोषक तत्वों का ठीक से अवशोषण नहीं होता है, भूख कम हो जाती है और डायरिया की समस्या भी हो जाती है। ऐसे बच्चे एनीमिया का शिकार हो जाते हैं। वे थकान और कमजोरी का भी अनुभव करते हैं। पेट में कृमि के इंफेक्शन का प्रभाव बढ़ते बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास पर भी होता है।

बच्चे नई चीजों को याद रखने में मुश्किल का अनुभव करते हैं। इसका नतीजा होता है कि वे स्कूल जाने से बचने लगते हैं। जिससे शिक्षा का नुकसान होता और उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है।

## बच्चों और किशोरों को सामने खिलाई गई गोली

अभियान के तहत निजी व सरकारी विद्यालयों, संस्थानों के माध्यम से और 6 से 19 आयु वर्ग के बालक एवं बालिकाओं को कृमि नाश के लिए अल्बेंडाजोल गोली शिक्षक की उपस्थिति में खिलाई गई। वहीं, सभी एक से छह वर्ष तक के पंजीकृत एवं अपंजीकृत बालक और बालिकाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों में अल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया गया।

किसी भी स्थिति में गोली घर ले जाने के लिए नहीं दी गई। अभियान के दौरान दोनों निर्धारित तिथियों को कहीं से भी किसी बच्चे के बीमार होने की सूचना नहीं मिली। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान को सफल बनाने के लिए त्रिस्तरीय माइक्रो प्लान बनाकर संचालित किया गया था। जिसमें आशा, आंगनबाड़ी केंद्र व स्कूलों को शामिल किया गया।

## फटाफट खबरें

### बच्चों को पोशाक व दूध का किया गया वितरण

मऊ। बाल दिवस के उपलक्ष्य में सीधा अहिलासपुर के सामुदायिक भवन में वनवासी मुसहर समुदाय के बच्चों को दूध और स्कूल पूर्व शिक्षा कार्यक्रम के तहत 42 बच्चों को स्कूल पोशाक का वितरण किया गया। अमर शहीद चेतना संस्थान के सचिव लवकुश विश्वकर्मा ने कार्यक्रम का नेतृत्व किया। वहीं, घनश्याम खंड कार्यवाह आरएसएस ने बच्चों को दूध पिलाया। मौके पर जितेन्द्र कुमार ग्राम प्रधान प्रतिनिधि, संचेत कुमार, संगीता सहित अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही हैं। कार्यक्रम सहयोगी जीवदया फाउंडेशन एवम अमर शहीद चेतना संस्थान मधुबन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। लवकुश विश्वकर्मा ने बताया कि यह कार्य समुदाय में पोषण युक्त बनाने तथा शिक्षा ग्रहण योग्य बच्चों को तैयार करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### जमानियां में फैलने लगा लम्पी वायरस

गाजीपुर। जिले के जमानियां नगर व ग्रामीण अंचलों में लंम्पी वायरस ने अपना पैर पसारना शुरू कर दिया है, जिसके कारण पशुपालक पूरी तरह से चिंतित नजर आ रहे हैं। वहीं महकमा इसको लेकर अभी भी लापरवाह बना हुआ है। शंकर, तेज बहादुर, राजकिशोर, अंतु, दिग्विजय, मुन्ना आदि पशुपालकों ने बताया कि जमानियां क्षेत्र के बरूइन गांव में अब तक चार पशुओं में इस लंम्पी वायरस के लक्षण देखे गए हैं। इसकी शिकायत पशुपालकों के द्वारा चिकत्सकों से की है, लेकिन अभी तक पशु चिकित्सालय से कोई मुक्कमल व्यवस्था नही की गई, जिससे कि पशुओं का इलाज सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। पशुपालकों में आशंका है कि यह बीमारी पशुओं में तेजी से फैलकर महामारी का रूप धारण कर सकती है। लोगों ने बताया कि शासन के निर्देश के बावजूद पशुपालन विभाग इस वायरस से बचाव के लिए पशुओं के टीका को लेकर उदासीन बना हुआ है।

### ट्रैक्टर से कुचलकर युवक की मौत

**बलिया।** जिले के महावीर घाट निहोरा नगर निवासी क पटरी दुकानदार की ट्रैक्टर से कुचल जाने से मौत हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पुत्र ने घटना की तहरीर कोतवाली में दिया है। महावीर घाट निहोरा नगर निवासी पटरी दुकानदार शिवजी 50 वर्ष पुत्र स्वर्गीय मिश्री तुरहा बटाई पर लिये गए। अपने खेत में काम कर रहा था। इसी बीच बगल के खेत में जुताई कार्य करे ट्रैक्टर ने अचानक शिवजी को रौंद दिया। जिससे शिवजी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर लेकर फरार हो गया। बताया जाता है कि ट्रैक्टर चालक जब भाग रहा था तो दो महिलाओं की साड़ी ट्रैक्टर में फंसकर फट गयी तथा दोनों आंशिक रूप से घायल हो गयी। चीख-पुकार सुनकर परिजन मौके पर इकट्ठा हो गए।

# 71वीं सीनियर स्टेट चैंपियनशिप वॉलीबॉल के महाकुंभ में पूरे दिन चला संघर्षपूर्ण मुकाबलों का दौर

- 71वीं भीमनरायण राय सीनियर स्टेट वॉलीबाल चैंपियनशिप
- देर शाम तक चलते रहे लीग राउंड के मुकाबले

**केटी न्यूज/मऊ**



खिलाड़ियों के साथ अतिथिगण

उत्तर प्रदेश वॉलीबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में जिला बॉलीबॉल एसोसिएशन मऊ द्वारा आयोजित 71वीं सीनियर स्टेट वॉलीबाल चैंपियनशिप (पुरुष एवं महिला) में शुक्रवार को लीग राउंड के अनेकों मुकाबले खेले गए। देर शाम तक लीग राउंड के मुकाबले चलते रहे। शनिवार से क्वार्टर फाइनल मैच प्रारंभ हो जायेंगे।

बॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश बॉलीबॉल एसोसिएशन के महासचिव सुनील कुमार तिवारी के आलावा, प्रयागराज वॉलीबाल एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रभात कुमार राय, सीपी यादव, धर्मेश शाही, बीएन मिश्र, उपेंद्र बहादुर सिंह, बृजेश सिंह सेंगर, डॉक्टर राम शिरोमणि सिंह, विमल पांडे, आनंद शर्मा, पंकज शुक्ला आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री सहजानंद राय, साधु यादव, आयोजन समिति के अध्यक्ष उत्पल राय के साथ धर्मेश शाही ,भाजपा नेता मुन्ना दुबे, अशोक सिंह, गणेश सिंह, आनंद सिंह, सन्तोष सिंह, नुपुर अग्रवाल, संगीता द्विवेदी, प्रभात राय, राजेश सिंह, केके राय आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आयोजन सचिव प्रमोद राय ने किया।

**मुस्तैद दिखा उप्र बॉलीबॉल निर्णायक मंडल :** स्टेट चैंपियनशिप को सफल बनाने में उत्तर प्रदेश बॉलीबॉल एसोसिएशन के निर्णायक मुस्तैद दिखे। निर्णायक की भूमिका विष्णु सिंह, विनोद कुमार सिंह, फूलचंद गुप्ता, अजय वर्मा, यशवंत सिंह, शिवाजी सिंह, हरिशंकर सिंह, मोहम्मद आदिल, बृजेश मौर्य, सत्येंद्र पांडे, सीबी मिश्र, यशवंत पटेल, सुरेश मिश्र, संतोष पटेल, धनंजय राय व रविकांत यादव आदि ने निभाई।

### मैच के परिणाम

पुरुष वर्ग में देवरिया ने बिजनौर को 25-16 व 25-14, एसएसबी लखनऊ ने मेरठ को 25-14, 17-25 व 25-18, शामली ने आजमगढ़ को 25-16 व 25-23, जाट रेजीमेंट ने चंदौली को 25-21 व 25-20, अयोध्या ने प्रयागराज हॉस्टल को 25-18 व 25-23, गाजियाबाद ने शाहजहापुर को 25-16, 23-25 व 25-23, अयोध्या हॉस्टल ने सहारनपुर को 25-14 व 25-17 मऊ ने बांदा को 23-25, 25-16 व 25-15, साया अकादमी ने बुलंदशहर को 25-11 व 25-07 से पराजित किया। वहीं, महिला वर्ग के मुकाबलों में लखनऊ विश्वविद्यालय ने टीएवी वाराणसी को 25-24, 23-25 व 25-18, सिद्धार्थनगर ने लखनऊ को 25-19 व 25-16, देवरिया ने बलिया को 25-18 व 25- 23, एसएसबी लखनऊ ने सुल्तानपुर को 25-04 व 25-06, हिंद अकादमी आजमगढ़ ने बांदा को 25-02 व 25-05 तथा वाराणसी ने मऊ को 25-01 व 25-02 से पराजित किया।

# अब बलिया के उजियार घाट पर रुकेंगे मालवाहक जहाज व वातानुकूलित क्रूज

## मुख्यमंत्री ने वाराणसी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 7 जेट्टी का किया लोकार्पण

- जेट्टी के माध्यम से इनलैंड वाटर-वे की सुविधा का मिलेगा बेहतर लाभ
- सांसद ने कहा : जेट्टी के माध्यम से जिले में खुलेंगे विकास के नए रास्ते

**केटी न्यूज/बलिया**



जेट्टी का उद्घाटन करते सांसद व अन्य

केंद्र सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना जल परिवहन शनिवार को सरयां उजियार घाट पर बड़े तामझाम के साथ जेट्टी का लोकार्पण किया गया। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से एक साथ 7 सामुदायिक जेट्टी का एक साथ लोकार्पण किया। भारतीय अंतरदेशीय जल मार्ग प्राधिकरण पत्तन पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय भारत सरकार जलमार्ग विकास परियोजना के अंतर्गत बलिया जिले में मालवाहक जहाजों व वातानुकूलित क्रूज को ठहरने के लिए पहला जेट्टी सरयां में स्थापित कर दिया गया जिसका आज सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने दीप प्रज्वलित कर एवं जेट्टी पर फीता काटकर इसका उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात सांसद महोदय ने जलमार्ग प्राधिकरण की पानी कीजहाज में बैठ कर गंगा नदी में लुत्फ उठाया।

लोगों को संबोधित करते हुए वीरेंद्र सिंह मस्त ने कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है। मोक्षदायिनी गंगा नुकसान और फायदा दोनों पहुंचाती है। तटवर्ती इलाकों में कृषि कार्य में नदियों की महत्वपूर्ण योगदान है। जल परिवहन शुरू होने से किसानों को इसका फायदा मिलेगा। जेट्टी के माध्यम से यहां की गतिवीधियों में तेजी लाई जाए सके और इनलैंड वाटर वे की सुविधा का बेहतर लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री द्वारा जल परिवहन पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के पश्चात इसे अमली जामा पहनाया गया। अब इसके माध्यम से विकास के नए रास्ते खुलेंगे।

इस मौके पर जल प्राधिकरण के निदेशक एल के रजत, उपनिदेशक अमित कुमार सहायक निदेशक आर सी पाण्डेय, एसडीएम प्रशांत कुमार नायक,सीओ सदर अशोक कुमार मिश्र विधायक संग्राम सिंह यादव, बंशीधर यादव, अजय भारती, राजीव उपाध्याय, भरत राय, जितेंद्रनाथ राय, प्रधान मुकेश तिवारी, वंशनारायण राय, हर्ष उपाध्याय, डॉ. विमलेश राय, बेचन निषाद, बाबा विशुद्धानंद, राजू सिंह, रामनारायण पासवान, अभयनारायण सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू संचालन अंजनी राय ने की। विभाग के निदेशक ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### भीड़ के कारण कम पड़ गई कुर्सियां

**नरहीं।** जल परिवहन के लिए शनिवार को वाराणसी और बलिया के सरयां गंगा तट पर जेट्टी के लोकार्पण का आयोजन किया गया था। लेकिन वाराणसी में मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ ने साढ़े ग्यारह बजे दीप प्रज्वलित किया। लेकिन सरयां में दीप प्रज्वलन 12:46 बजे सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त, विधायक संग्राम सिंह यादव, बंशीधर यादव निदेशक एल के रजत राजीव उपाध्याय, जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू आदि लोगों ने किया। इस कार्यक्रम में विकास खण्ड सोहांव के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्यों को आमंत्रित किया गया था। लेकिन कार्यक्रम में इतनी भीड़ जुटी की कुर्सियां कम पड़ गई। सुरक्षा के मद्देनजर नरहीं थाना प्रभारी पन्नेलाल चितबड़ागांव निहार नन्दन सिंह, कोरंटाडीह चौकी इंचार्ज मंतोष सिंह उपस्थित रहे।

# गाजीपुर जिले में बनाये जाएंगे पांच जेट्टी, हुआ शिलान्यास

## गंगा तट के 15 स्थानों पर वाराणसी से बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का होगा निर्माण

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

भारतीय अंतरदेशीय जलमार्ग प्राधिकरण पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा विश्व बैंक की तकनीकी एवं आर्थिक सहायता के माध्यम से 746 करोड़ रुपये की लागत से जलमार्ग विकास परियोजना के तहत अर्थगंगा की संकल्पना पर उत्तर प्रदेश में जलमार्ग संख्या- एक गंगा नदी के तटों पर 15 स्थानों पर वाराणसी से लेकर बलिया तक आधुनिक सामुदायिक जेट्टियों का निर्माण किया जा रहा है।

इन 15 सामुदायिक जेट्टियों में से सामुदायिक सात जेट्टियों के लोकार्पण तथा आठ जेट्टियों का शिलान्यास मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश एवं केंद्रीय मंत्री पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय द्वारा संत रविदास घाट, वाराणसी में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से किया गया। इस उपलक्ष्य पर कलक्टर घाट, गाजीपुर में कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट का प्रसारण दिखाया गया। जनपद में भी पांच जेट्टियों का निर्माण किया जाना है। जिसमें चोचकपुर, दुनगुनपुर, सैदपुर, जमांनियां एवं कलक्टर घाट पर जेट्टियों का निर्माण किया जायेगा। इन सामुदायिक जेट्टियों पर नाव के ठहराव एवं यात्रियों के उतरने चढ़ने के हेतु उचित व्यवस्था तथा तट पर आने वाले यात्रियों के ठहराव एवं विश्राम हेतु एक विश्राम स्थल इत्यादि अन्य विभिन्न तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी। इन सामुदायिक जेट्टियों के निर्माण के उपरांत एक समझौते के तहत जिला प्रशासन / स्थानीय संस्थाओं को स्थानांतरित कर दिया जाएगा जो आगे इसे उपयोग में लाने हेतु उचित माध्यम से रखरखाव एवं परिचालन की व्यवस्था देखेंगे। कार्यक्रम में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, सदस्य विधान परिषद विशाल सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग कल्याण प्रभुनाथ चौहान,अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व, उपजिलाधिकारी सदर, सीओ सिटी, एसपी सिटी, अध्यक्ष नगर पालिका सरिता अग्रवाल, एमएलसी प्रतिनिधि प्रदीप पाठक एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



कार्यक्रम में शामिल जनप्रतिनिधि व अधिकारी

# मुख्तार अंसारी सहित छह आरोपितों पर असलहा मामले में आरोप तय

- अभियोजन साक्ष्य के लिए 16 नवंबर की तिथि मुकर्रर

**केटी न्यूज/मऊ**



दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के असलहा प्रकरण के मामले में आरोपी बांदा जेल में निरूद्ध पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की पेशी बृहस्पतिवार को एसीजेएम एमपी/एमएलए कोर्ट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए हुई। इस दौरान एसीजेएम एमपी/एमएलए श्वेता चौधरी ने मुख्तार अंसारी सहित छह आरोपियों पर आरोप तय किया तथा साक्ष्य के लिए16 नवम्बर की तिथि तय किया।अभियोजन के अनुसार दक्षिण टोला थाना में तत्कालीन थानाध्यक्ष निहाल नन्दन की तहरीर पर मुख्तार अंसारी सहित सात लोगों के विरुद्ध फर्जी असलहा मामले में कई गई पैरवी को आधार मानते हुए एफआईआर दर्ज किया गया। जिसमें पुलिस ने मामले की विवेचना कर मुख्तार अंसारी सहित छ्ह लोगों के विरुद्ध आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। एक आरोपी की मौत हो चुकी है। मामला एमपी/एमएलए कोर्ट में विचाराधीन चल रहा है। जिसमें एसीजेएम ने मुख्तार अंसारी सहित सभी आरोपियों पर आरोप तय किया।अभियोजन साक्ष्य के लिए 16 नवंबर की तिथि मुकर्रर की गई है। वहीं, दक्षिण टोला के गैंगेस्टर एक्ट के मामले मुख्तार अंसारी की पेशी विशेष न्यायाधीश एमपी/एमएलए कोर्ट में हुई। मामले में साक्ष्य की करवाई होनी थी, किन्तु कोई साक्षि उपस्थित नहीं हुआ।जिसके चलते विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार चौरसिया ने 16 नवंबर की तिथि नियत किया।

# जिला पुलिस और जीआरपी की नूराकुश्ती में घंटों पड़ी रही लाश

**केटी न्यूज/बलिया**



मॉडल बलिया रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर में शुक्रवार को मानवता तब तार-तार करने वाली घटना सामने आई है। जिसमें वहां पड़े एक अज्ञात महिला की लाश को उठाने में जीपीआरपी और जिला पुलिस के बीच काफी देरतर नूराकुश्ती चली। अंततः सिविल पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस दौरान स्टेशन परिसर में काफी देरतक गहमागहमी की स्थिति रही। बताया जाता है कि स्थानीय रेलवे स्टेशन के उत्तरी छोर में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात महिला मृत अवस्था में पड़ी हुई थी। इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक ने पहले जीआरपी को दी। इस दौरान मौके पर पहुंचे जीआरपी ने बताया कि एरिया उनके परिक्षेत्र में नहीं है। इसके बाद सिविल पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन काफी देरकर तक जिला पुलिस भी आने में आनाकानी करती रही और अपना परिक्षेत्र ढूंढने व्यस्त रही। इस दौरान लगभग दो घंटे तक लाश उसी तरह पड़ी रही।

## मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद के समस्त निजी नर्सिंग होम/निजी चिकित्सक को भेजा गया पत्र

# पूरी तरह नियंत्रण में हैं डेंगू व अन्य मच्छर जनित बीमारियां : सीएमओ

- मरीजों की पुष्टि के लिए सैंपल उपलब्ध कराने के लिए निजी अस्पताल को दिया निर्देश

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद के समस्त निजी नर्सिंग होम/निजी चिकित्सक एवं प्राइवेट पैथोलॉजी को पत्र के द्वारा अवगत कराया गया है कि किट के द्वारा किसी भी मरीज को डेंगू धनात्मक घोषित नहीं किया जाए तथा ऐसे मरीजों का पुष्टि के लिए सैंपल उपलब्ध कराया जाए। साथ ही डेंगू, मलेरिया, फाइलेरिया, चिकनगुनिया, कालाजार एवं जापानी इंसेफेलाइटिस आदि बीमारियों को उत्तर प्रदेश सरकार के गजट दिनांक-09 नवम्बर 2016 के द्वारा नोटिफाईबल डिजीज घोषित किया गया है। ऐसे में सभी निजी` चिकित्सक, नर्सिंग होम तथा लैब को इन मरीजों की सूचना तथा क्रॉस चेकिंग के लिए सैंपल मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय को देना अनिवार्य किया गया है। अन्यथा की स्थिति में ऐसे निजी चिकित्सक, नर्सिंग होम एवं प्रयोगशालाओं के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करने हेतु समस्त अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, चिकित्सा अधीक्षकों तथा प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को अधिकृत किया गया है।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जनपद में डेंगू तथा अन्य मच्छर जनित बीमारियां पूरी तरह नियंत्रण में है। डेंगू के उपचार हेतु जिला अस्पताल में 25 बेड उपलब्ध है तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 60 बेड आरक्षित किए गए हैं। डेंगू के उपचार हेतु सभी आवश्यक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। ऐसे में किसी भी बुखार पीड़ित को घबराने की कतई आवश्यकता नहीं है। अन्य वायरल बीमारियों में भी प्लेटलेट्स की कमी हो सकती है, अतः प्लेटलेट्स की कमी होना डेंगू होना नहीं है। बुखार के मरीज अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। बुखार के उपचार हेतु अनधिकृत चिकित्सक अथवा स्वयं उपचार नहीं करें। डेंगू से सर्वाधिक प्रभावित सैदपुर में मोबाइल मेडिकल यूनिट के द्वारा आज से भ्रमण किया जा रहा है, अन्य ग्रामों में भी मोबाइल मेडिकल यूनिट भेज कर बुखार पीड़ितों का उपचार किया जा रहा है।

**103 डेंगू धनात्मक मरीज उपचार के उपरांत स्वस्थ :** मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि वर्तमान में मात्र 9 मरीजों के सैंपल के परिणाम लंबित हैं। अब तक प्राप्त 103 डेंगू धनात्मक मरीज उपचार के उपरांत स्वस्थ होकर स्वास्थ्य लाभ कर रहे हैं। इन 103 मरीजों में से 27 मरीज अन्य प्रदेशों अथवा जनपदों से बीमारी के उपरांत जनपद में आए थे जो जांच में डेंगू धनात्मक पाए गए। इसमें से अधिकांश मरीज उपचार के उपरांत स्वस्थ होकर अपने कार्यस्थल के प्रदेशों तथा जनपदों में वापस जा चुके हैं।

सभी मरीजों का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है तथा प्रभावित ग्राम/मोहल्ले में तत्काल निरोधात्मक कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की जा रही है। इन ग्रामों/मोहल्लों में साफ-सफाई तथा कीटनाशकों हेतु जिला पंचायती राज अधिकारी एवं नगर निकायों के अधिशाषी अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

## छोटी खबरें

### बिचौलियों के बहकावे में न आयें किसान : डीएम

**गाजीपुर।** क्रॉप कटिंग प्रयोग के आधार पर जिले में फसलों की औसत उपज और उत्पादन के आंकड़े तैयार किए जाते हैं। जिससे उत्पादन की सटीक जानकारी प्राप्त होती है। क्रॉप कटिंग के प्रयोग के आधार पर ओलावृष्टि, भारी वर्षा एवं अन्य नुकसान से फसलों की बीमा की राशि निर्धारित की जाती है। इसी सिलसिले में आज डीएम आर्यका अखौरी की उपस्थिती मे ग्राम अतरौली तहसील सदर में शिवमुनि के खेत में धान की क्राप कटिंग कराई गयी। इस दौरान 43.03 वर्ग मीटर या 0.0043 हेक्टेयर खेत में क्रॉप कटिंग मौके पर कराई गयी। जिसमें 23.130 किग्रा उपज तौलाई के दौरान प्राप्त हुई। इसके आधार पर प्रति हेक्टेयर 53.14 क्विंटल उपज जनपद में पैदावार अनुमानतः लगाया गया। जिलाधिकारी ने किसानों को अपने नजदीकी धान क्रय केन्द्रों पर धान बेचने की सलाह दी जिससके उन्हे अपने धान का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि किसी भी बिचौलियों के बहकावे न आये। जिलाधिकारी ने जनपद के सभी किसानों से अपने-अपने खेतों में पराली न जलाने की अपील की। मौके पर उपजिलाधिकारी सदर प्रतिभा मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी मृत्युन्जय सिंह, तहसीलदार अभिषेक राय, ग्राम प्रधान दीना नाथ उपस्थित रहे।

### मील का पत्थर साबित होगा हेल्थ एटीएम मशीन

**गाजीपुर।** जिला अस्पताल में हेल्थ एटीएम मशीन का लोकार्पण एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने किया! इस अवसर पर एमएलसी चंचल सिंह ने कहा कि हेल्थ एटीएम मशीन जिले के स्वास्थ्य सेवाओ में मील का पत्थर साबित होगी, इससे लाखो गरीब लोग लाभान्वित होगें। उन्होने कहा कि योगी सरकार ने सबसे ज्यादा ध्यान स्वास्यथ्य सेवाओ पर दिया है। प्रदेश के लगभग हर जिलो में मेडिकल कालेज खोलने का लक्ष्य है जो करीब-करीब 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है। मेडिकल कालेज बनने के बाद गाजीपुर में स्वास्थ्य सेवाएं बढी है, पहले ओपीडी में ढाई सौ से तीन सौ मरीज प्रतिदिन आते है, अब 2500 से 3 हजार के बीच प्रतिदिन मरीज निःशुल्क इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में आते है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष सरिता अग्रवाल जी,सदर ब्लॉक प्रमुख राजदेव यादव, मरदह प्रमुख धर्मेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख विजय यादव, होकडु सिंह, मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल, सीएमएस राजेश सिंह आदि उपस्थित थे। वहीं, जिला अस्पताल में साइकिल चोरी होने की शिकायत पर पीड़ित लड़की को आर्थिक सहायता भी दी गई।


### 28 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित दो सड़कों का हुआ लोकार्पण

**गाजीपुर।** नगर पालिका परिषद गाजीपुर के वार्ड नंबर तीन विवेकानन्द कॉलोनी में 28 लाख रुपये की लागत से नवनिर्मित दो सड़कों का लोकार्पण भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य एवं गाजीपुर लोकसभा के संयोजक कृष्ण बिहारी राय एवं नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष श्रीमती सरिता अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि वर्तमान समय में प्रभातनगर कॉलोनी में जिस प्रकार की सड़क व ढक्कनयुक्त नाली का निर्माण कर विकास (प्रभात लाने) का काम सरिता अग्रवाल ने किया है, उससे वास्तव में प्रभात नगर कॉलोनी के नामकरण की पुष्टि हो रही है। विकास का सूरज कभी अस्त न हो इसकी जिम्मेदारी आम जनता की है। भविष्य में इसका निर्णय आपको ही करना है। नगर पालिका ने जिस प्रकार से विभिन्न क्षेत्रों में विकास का कीर्तिमान स्थापित किया है, वह प्रशंसनीय है। नगर की गलियों को ढक्कनयुक्त नाली बनाकर उसी लेबल में सड़क बनाकर उस सड़क को चौड़ा करना अपने आप में एक बेहतरीन कार्य दशार्ता है। नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने कहा कि हम नगरवासियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित हैं।

केशव टाइम्स
पुर्वांचल, 12 नवम्बर 2022

मुझमें राम

बक्सर



website : keshavtimes.com
e-mail : keshavtimes1@gmail.com

# सभी देवताओं की जन्मभूमि है बक्सर : स्वामी जी



**केटी न्यूज/बक्सर**

जीयर स्वामी ने प्रवचन के दौरान कहा कि बक्सर केवल बाबा विश्वामित्र की तपोस्थली नहीं है। बक्सर केवल वामन भगवान की जन्मस्थली नहीं है। नारदमुनी, भार्गव ऋषी, गौतम ऋषी जैसे प्रवृति के ऋषियों तपोस्थली नहीं है। बल्कि बक्सर वो भूमि है जो दुनिया में जितने भी देवता है, उन सभी देवताओं की जन्मस्थली है बक्सर। इसलिए क्योंकि बक्सर में ही काश्यप ऋषी व माता आदिति के द्वारा तपस्या की गई। जिसके फलस्वरूप 12 आदित्य देव हुए। पूरे सुर्यवंशी व रघुवंशी की मूल जन्मभूमि बक्सर है। कर्म भूमि भले अलग-अलग हो सकती है। इसलिए भगवान श्रीराम की मूल जन्मभूमि बक्सर ही है। बक्सर दुनिया का एकलौता स्थान है जहां भगवान की जन्मभूमी, कर्मभूमी व गरुभूमी है। बक्सर जैसा स्थान पूरी दुनिया में नहीं है। प्रमाणित रूप में है, तार्किक रूप में जबाब नहीं दे सकता हूं।

पूरे विश्व की प्रचीन शिक्षा स्थली है बक्सर : भगवान श्रीराम पूरी दुनिया में ऐसे नही जाने जा रहे है। वाल्या अवस्था में मारीच-सुबाहु व ताड़क (ईष्या, लोभ व द्वेषी) के प्रतिक थे। विश्वामित्र बाबा भी उनका वध कर सकते थे। क्योंकि उनके पास एक अलग स्वर्ग बनाने भी की शक्ति थी। परन्तु उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा कि ये मेरी मयार्दा व गरीमा नहीं है। ये मेरी संस्कृति नहीं है। जिन परमात्मा को दिन-राम पूजा करता हूं, इस धरती पर दशरथ नंदन बनकर आए हैं। उन्हें ही क्यों न बुलाया जाए। उसके बाद विश्वामित्र बाबा अयोध्या गए और उन्हें बक्सर लेकर है। बक्सर आने से पहले राम केवल दशरथ नंदन, कौशल्या नंदन, राजकुमार व अवधेश थे। लेकिन बक्सर आए कर्म किया, तो श्राराम बन गए और सारी दुनिया जान गई। बक्सर आने के बाद दुनिया में कौन ऐसा अभागा है जो भगवान श्रीराम को नहीं जानता होगा। स्वामी जी ने कहा कि भगवान श्रीराम बक्सर नहीं आते, तो पूरी दुनिया में मयार्दा पुरूषोतम के रूप में पहचान अधुरी रह जाती। पूरे विश्व की प्रचीन शिक्षा स्थली बक्सर है। संतों को उग्र बातें नहीं बोलनी चाहिए जीयर स्वामी ने कहा कि संतों को कभी उग्र बातें नही करनी चाहिए। जिससे समाज पर गलत प्रभाव पड़े। संतों कार्य समाज को बेहतर मार्ग पर लेना होता है। उन्होंने कहा कि संतों कि संस्कृति-सादगी-सदाचार व सभ्यता आमलोगों से अलग होती है।

## दुनिया में नहीं है बक्सर जैसा स्थान जहां भगवान की जन्मभूमि-कर्मभूमि व गुरुभूमि




















# नेहिया लगा ल श्रीराम से फुरसत निकाल तनी काम से ...पर खुब झुमे लोग







